(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज को समय-समय पर नये गैस कनेक्शन जारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है क्योंकि इस वितरक को अन्य वितरकों की अपेक्षा गैस के कहीं अधिक रिफिल दिये जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) जी, नहीं। परिसमाप्त मैसर्स प्रेस्टीज गैस एजेंसी के पास पंजीकृत तथा मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज के व्यापारिक क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को उसके पास स्थानान्तरित कर दिया गया है।

(ग) और (घ) नये कनेक्शन मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज सहित उन वितरकों के माध्यम से चरणबद्ध रूप में जारी किए जा रहे हैं, जो अधिकतम सीमा से कम पर काम कर रहे हैं, बशर्ते कि उनके पास उत्पाद, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों।

मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली से घरेलू गैस के उपभोक्ता कार्डों का अन्य एजेंसियों को स्थानान्तरण

487. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 नामक घरेलू गैस वितरक गौतमपुरी, ब्रह्मपुरी, वैलकम सीलमपुर, नया सीलमपुर तथा जाफराबाद के उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई कर रहा है हालांकि इन बस्तियों के ग्राहकों को इस वितरक से स्वयं गैस प्राप्त करने के लिए काफी दूर से आना पड़ता है जबकि इन बस्तियों के समीप मैसर्स अमर गैस सर्विस, विशाल गैस सर्विस तथा मैसर्स शहीद सुभाष गैस सर्विस नामक तीन गैस एजेंसियां इन बस्तियों के समीप पहले से ही मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार उक्त बस्तियों के उपभोक्ताओं के घरेलू गैस रिफिल रजिस्ट्रेशन कार्ड मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज से ऊपर बतायी गयी गैस एजेंसियों में से किसी ऐसी एजेंसी को स्थानान्तरित करने का विचार रखती जो उपभोक्ताओं के सब से निकट हो; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) दिल्ली में यमुना पारीण क्षेत्रों में एल पी जी वितरकों के परस्पर व्याप्त व्यापारिक क्षेत्रों के कारण, इंडियन आयल कारपोरेशन उपभोक्ताओं को अपने निकटस्थ वितरक से रिफिल प्राप्त करने की सुविधा देने हेतु अपने एल पी जी वितरकों के व्यापार क्षेत्रों का पुनः निर्धारण कर रहा है।

Distribution of Cooking Gas Cylinders in Kerala

488. SHRI THOMAS KUTHIRAVATTOM: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the number of cooking gas cylinders brought out of Cochin Oil Refinery;

(b) how many cylinders are distributed in Kerala;

(c) what is the number of cooking gas agencies in Kerala and the number of applications pending for new connections; and'

(d) whether there is any ban prevailing in Kerala for issuing new cooking gas connections?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) Around 5,400 LPG cylindrs are filled per day at Cochin Refinery, which are marketed in the State of Kerala,

(c) As on the 1st January, 1989, there were 138 LPG distributorships and ap proximately 82,300 persons on the wait ing list for LPG connections in Kerala.

(d) No, Sir. Release of new LPG I connections is done by the oil industry all over the country, including in Kerala, in a phased manner under its annual programme for enrolment of customers, sub-